डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचईएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | भाद्र पद शुक्ल पक्ष 07 – 2082 | भोपाल, दिन शुक्रवार, दिनांक 18 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

यूनियन बैंक ने लांच किया यूनियन सुदर्शन

भोपाल। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा के तहत श्यूनियन सुदर्शन नामक केंद्रीकृत बैंकिंग इंटेलिजेंस हब का उद्घाटन किया है। 10 सितंबर 2026 को मुंबई स्थित बैंक के एसएल... में आयोजित कार्यक्रम में वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार के सचिव राजय

शादी का झांसा देकर 7 साल तक दैहिक शोषण

भोपाल। शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में 38 साल की महिला से दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर कथित प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पति की मौत के एक साल बाद ही महिला की आरोपी से पहचान हो गई थी। इस दौरान शादी का – प्रलोभन देकर आरोपी सात साल से – शारीरिक संबंध बना रहा था। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी मुकर गया। परेशान होकर महिला ने – पुलिस से शिकायत की। पुलिस के अनुसार शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में रहने वाली 38 साल की महिला – के पति की साल 2018 में मौत हो चुकी है। पति की मौत के करीब एक साल बाद महिला की पहचान सुनील चौरे नाम के व्यक्ति से हुई।

वन विभाग के वनरक्षक और वनपाल हुए पदोन्नत

भोपाल। वन विभाग भोपाल वृत्त के 31 वनरक्षक एवं नौ वनपाल को पदोन्नत करने के आदेश मुख्य वन संरक्षक ने जारी किए हैं। मप्र वन कर्मचारी संघ ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रशासन दो अजय यादव एवं मुख्य वन संरक्षक भोपाल वृत्त क्षितिज कुमार का पदोन्नति देने के लिए आभार व्यक्त किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि भोपाल वृत्त भोपाल के मुख्य वन संरक्षक ने प्रदेश में सबसे ज्यादा पदोन्नति का लाभ भोपाल वृत्त के कार्यवाहक वनरक्षक वनपाल संवर्ग को दिया है। अभी हाल ही में 31 वनरक्षकों को वनपाल के पद पर तथा नौ वनपालों को उपवन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नति देने के आदेश प्रसारित कर भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़ में पदस्थ किया है।

छात्रा का शव लटका मिला

भोपाल। अयोध्यानगर इलाके में बुधवार–गुरुवार की दरमियानी रात बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेली थी। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

प्रदेश में 3.55 करोड़ दीपों से जगमगाई सेवा संकल्प की शाम

उज्जैन में शिप्रा घाटों और महाकाल लोक में 33.27 लाख दीप प्रज्वलित, 388 स्थानों पर रक्तदान शिविर भी लगे

डीआर संवाददाता» भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को मध्यप्रदेश में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेशभर में एक साथ करीब 3 करोड़ 55 लाख दीप प्रज्वलित किए गए। उज्जैन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शिप्रा नदी के विभिन्न घाटों और महाकाल लोक में 33 लाख 27 हजार दीप जलाए गए। आयोजन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

उज्जैन के रामघाट पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आशीर्वाद का दीया जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सायरन बजते ही करीब 25 हजार स्वयंसेवकों ने शिप्रा नदी के दोनों तटों और महाकाल लोक में एक साथ दीप प्रज्वलित किए। दीपों से घाटों का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद शिप्रा नदी की आरती की गई। कार्तिक मेला ग्राउंड पर

दीपों की सहायता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र भी बनाया गया।

आयोजन के दौरान उज्जैन में दीप प्रज्वलन को लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाए जाने की जानकारी दी गई।

प्रदेशभर में हुए विभिन्न आयोजन

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश के अलग–अलग जिलों में भी दीप प्रज्वलित किए गए। इंदौर में ऐतिहासिक राजवाड़ा क्षेत्र को रंगबिरंगी रोशनी और रंगोली से सजाया गया। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने दीप जलाकर आयोजन में सहभागिता की।

अभियान के तहत रक्तदान को लेकर भी प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुवार को 388 स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए गए। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के अनुसार पहले दिन कुल शिविरों में 8,684 नागरिकों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

शिविरों के साथ रक्तदान के प्रति जनजागरूकता, स्वास्थ्य और अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

वाराणसी में गंगा आरती के दौरान विशेष आयोजन

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर होने वाली गंगा आरती के दौरान भी विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। गंगा सेवा निधि की ओर से आरती से पहले बटुक ब्राह्मणों ने आशीर्वचन दिया। इस दौरान 76 दीप प्रज्वलित किए गए तथा ... और डमरू वादन के साथ प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी गईं। अर्चकों ने ... और मां गंगा से उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की।

बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देकर रिटायर्ड डॉक्टर की पत्नी से 4.99 लाख ठगे

एमपीईबी अधिकारी बनकर भेजा एप का लिंक,

डीआर संवाददाता» भोपाल

भोपाल। शहर में साइबर ठगी के तीन अलग–अलग मामलों में ठगों ने लोगों को अलग–अलग तरीके से झांसे में लेकर कुल 6 लाख 44 हजार 218 रुपए हड़प लिए। बागसेवनिया इलाके में ठगों ने बिजली कनेक्शन काटने का डर दिखाकर 72 वर्षीय रिटायर्ड डॉक्टर की पत्नी से 4 लाख 99 हजार 333 रुपए ठग लिए। ऐशबाग में नौकरी के लिए आवेदन करने वाली 28 वर्षीय युवती के क्रेडिट कार्ड से 74 हजार 659 रुपए और कटारा हिल्स निवासी 67 वर्षीय रिटायर्ड एसबीआई कर्मचारी के खाते से स्वीकबैंक में कमरा बुक कराने के नाम पर 70 हजार 226 रुपए निकाल लिए गए। पुलिस ने तीनों मामलों में शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

एमपीईबी अधिकारी बनकर भेजा एप का लिंक

शिव नगर निवासी मीना रिछारी को 13 सितंबर को व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मैनिट चौराहा स्थित एमपीईबी मुख्यालय का अधिकारी बताया। उसने कहा कि अपडेट नहीं होने के कारण घर में बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके बाद 12 रुपए जमा करने को कहा गया। भुगतान नहीं होने पर आरोपी ने बिजली विभाग की एप्लीकेशन बताकर एक लिंक भेजा। मीना ने लिंक खोलकर आरोपी के कहने पर एसबीआई और एचडीएफसी बैंक से संबंधित जानकारी भर दी। करीब दो घंटे बाद खातों से रकम निकलने का पता चला। एसबीआई खाते से यूपीआई के जरिए 95,687 रुपए और डेबिट कार्ड से करीब 3.67 लाख रुपए निकाले गए। एचडीएफसी खाते से 26,316 और 21,... रुपए निकाले गए। कुल 4,99,333 रुपए की ठगी हुई।

नौकरी के आवेदन के दौरान भेजी लिंक

ऐशबाग निवासी 28 वर्षीय युवती ने नौकरी की तलाश में वाइफल वेबसाइट पर आवेदन भरा था। 7 सितंबर को नौकरी के लिए आवेदन करते समय वेबसाइट के इनबॉक्स में उसे एक लिंक मिली। लिंक पर क्रेडिट कार्ड की जानकारी भरने को कहा गया। जानकारी सबमिट करने के बाद प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। बाद में युवती ने फोन पे से भुगतान चेक किया तो पता चला कि लेनदेन में 74,659 रुपए निकले मिले। उसने बैंक हेल्पलाइन और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। साइबर थाने से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर ऐशबाग पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

करीब 250 लाख कर्मचारियों को दायरे में लाने की तैयारी, अध्यापक संवर्ग की सेवा अवधि किस तारीख से मानी जाएगी

मप्र में यूपीएस लागू करने की तैयारी, 4 महीने में आएगी कमेटी की रिपोर्ट

डीआर संवाददाता» भोपाल

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के स्थान पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य सरकार ने इसके लिए अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी गठित की है। कमेटी को चार महीने में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। इसके बाद यूपीएस लागू करने से संबंधित प्रस्ताव को कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। प्रदेश में 1 जनवरी 2005 या इसके बाद नियुक्त करीब 4.83 लाख अधिकारी–कर्मचारी वर्तमान में एनपीएस के दायरे में आते हैं। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत इनमें से करीब 2.50 लाख कर्मचारियों के यूपीएस के दायरे में आने की संभावना है। हालांकि अंतिम पात्रता और नियम कमेटी की रिपोर्ट तथा सरकार के निर्णय के बाद स्पष्ट होंगे।

25 साल की सेवा पर अंतिम वेतन का 50% पेंशन

यूपीएस में 25 साल की सेवा पूरी करने वाले पात्र कर्मचारी को सेवानिवृत्ति से पहले के अंतिम 12 महीनों के औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में सुनिश्चित किए जाने का प्रावधान है। 10 से 25 साल की सेवा वाले कर्मचारियों के लिए पेंशन सेवा अवधि के अनुपात में तय होने की व्यवस्था है। कम से कम 10 साल की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारी के लिए 10 हजार रुपए मासिक न्यूनतम पेंशन का प्रावधान बताया गया है। वर्तमान एनपीएस व्यवस्था में कर्मचारी 10 प्रतिशत और सरकार 14 प्रतिशत अंशदान करती है। प्रस्तावित यूपीएस में कर्मचारी का अंशदान 10 प्रतिशत ही रहेगा, जबकि सरकार की ओर से कुल 18.5 प्रतिशत अंशदान का प्रावधान है। इसमें 10 प्रतिशत कर्मचारी के खाते में और 8.5 प्रतिशत अलग पूल में जाने की व्यवस्था बताई गई है।

अध्यापक संवर्ग के लिए सेवा अवधि अहम

यूपीएस में अध्यापक संवर्ग की पात्रता को लेकर सेवा अवधि महत्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है। अध्यापक संवर्ग का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन वर्ष 2018 में हुआ था। यदि यूपीएस के लिए सेवा की गणना 2018 से की जाती है तो 25 साल की अवधि वर्ष 2043 में पूरी होगी।

दिन का तापमान एक डिग्री गिरा, अगले 4–5 दिन जारी रह सकता है

डीआर संवाददाता» भोपाल

राजधानी में गुरुवार को मौसम का मिजाज बदला रहा। बीते 24 घंटे में शहर में कुल 11 मिमी बारिश दर्ज की गई। दिन में कभी धूप तो कभी बादल छाए रहे और दोपहर बाद कई इलाकों में बौछारें पड़ीं। बारिश के चलते दिन के तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज हुई, जिससे दोपहर बाद लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पर्याप्त नमी और धूप के बीच स्थानीय मौसम तंत्र बनने से दोपहर बाद बारिश का पैटर्न



तैयार हो रहा है। यह स्थिति अगले चार से पांच दिन तक बनी रह सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में तापमान और बारिश के मिजाज में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। वर्तमान में प्रदेश में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है।

गुरुवार को सुबह 8.30 बजे हवा में नमी 87 प्रतिशत और शाम 5.30 बजे 82 प्रतिशत दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सीजन में अब तक भोपाल में कुल 1122.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश से 97.2 मिमी अधिक है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सितंबर के अंतिम सप्ताह में तेज बारिश का एक और दौर आने की संभावना बनी हुई है।

नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के दोषी को 5 वर्ष का कारावास

डीआर संवाददाता» भोपाल

8 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त कुलदीप साहू को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुश्री दिव्या शुक्ला एवं मनीष श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई थी। 12 नवंबर 2024 को पीड़िता ने अपनी माता के साथ पुलिस थाना निशातपुरा में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट कराई कि 11 नवंबर 2024 को शाम करीब 4 बजे जब वह छत पर खेल रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाले अंकल कुलदीप साहू आए और पढ़ाई का बोलकर अपने रूम में लेकर गए और उसे बेड टच किया।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस थाना निशातपुरा भोपाल ने अभियुक्त के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के दौरान अभियुक्त को गिरफ्तार कर विवेचना में घटनास्थल का नक्शा पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए।

विवेचना अधिकारी ने प्रकरण की संपूर्ण विवेचना के पश्चात डीएनए टेस्ट रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट व अन्य दस्तावेज तथा परिजनों, गवाहों की सूची सहित अभियोग पत्र जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में सुभाष नगर मेट्रो डिपो के पास हुई वारदात, लूटे गए मोबाइल और हथियार बरामद

डीआर संवाददाता» भोपाल

भोपाल। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में सुभाष नगर मेट्रो डिपो के पास कार के शीशे तोड़कर दो मोबाइल फोन लूटने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी वीरेन्द्र सिंह राजपूत ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि रात करीब 12.30 बजे वह अपने साथियों के साथ कार में बैठे हुए थे। इसी दौरान ऑटो से दो–तीन लोग वहां पहुंचे और गाली–गलौज करने लगे।

आरोपियों ने डंडों से कार के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद लोहे की छुरी जैसी वस्तु दिखाकर फरियादी और उसके साथियों को धमकाया। अचानक हुए हमले में कार का कांच टूटकर लगने से फरियादी के हाथ और एक साथी के माथे पर चोट आई। आरोपी कार में रखे दो मोबाइल फोन लेकर मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलने के बाद जहांगीराबाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। साथ ही मुखबिरों को सक्रिय कर मोबाइल लोकेशन की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस टीम ने अर्जुन नगर बस्ती से शहबाज खान उर्फ सब्बू, रेहान खान, बादशाह उर्फ गजर, अमान खान और मेहफूज खान को गिरफ्तार किया।

एक शाम बुजुर्गों के नाम

18 सितंबर को 'एक शाम बुजुर्गों के नाम और यादें' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

सर्वधर्म सभा और विशेष प्रार्थना होगी, विभिन्न धर्मगुरु और सामाजिक क्षेत्र के लोग होंगे शामिल

डीआर संवाददाता» भोपाल

समाज में बुजुर्गों के महत्व, उनके अनुभवों और युवा पीढ़ी के प्रति उनके योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से शुक्रवार 18 सितंबर को 'एक शाम बुजुर्गों के नाम और यादें' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सामाजिक संस्था अलख–सामाजिक एवं जन कल्याण समिति की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम साईं बाबा मंदिर रोड स्थित विंड विंग होटल में होगा। कार्यक्रम के माध्यम से बुजुर्गों के प्रति सम्मान और परिवार में उनके महत्व को लेकर सकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन

समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त डीएसपी एके खान की तीसरी बरसी के अवसर पर किया जा रहा है। इस दौरान उनके सामाजिक योगदान और सेवाभाव को याद किया जाएगा। साथ ही समाज में बुजुर्गों की भूमिका और उनके अनुभवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर विचार साझा किए जाएंगे।

सर्वधर्म सभा और विशेष प्रार्थना होगी

कार्यक्रम में सर्वधर्म सभा के साथ विशेष प्रार्थना का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजन के माध्यम से सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और परिवार में बुजुर्गों के सम्मान का संदेश देने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुफ्ती जफर नूरी, गंगादास की शाला के महंत रामसेवक दास महाराज, फूलबाग गुरुद्वारा ग्वालियर कमेटी के अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ सिंह सभा के प्रेसिडेंट एसएस कोचर तथा फादर वीसी जोसफ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में होने वाली सभा में सामाजिक समरसता और आपसी सम्मान की भावना को प्रमुखता दी जाएगी।

युवा पीढ़ी को बुजुर्गों से जोड़ने का प्रयास

आयोजकों का कहना है कि परिवार और समाज के विकास में बुजुर्गों का अनुभव महत्वपूर्ण होता है। बदलते सामाजिक परिवेश में युवा पीढ़ी को बुजुर्गों के अनुभव और जीवन मूल्यों से जोड़ना जरूरी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में बुजुर्गों के जीवन अनुभवों, उनके योगदान और परिवार में उनकी भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

संस्था के पदाधिकारियों के मुताबिक 'एक शाम बुजुर्गों के नाम और यादें' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने की पहल है। आयोजन में सामाजिक और पारिवारिक सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ युवा पीढ़ी को अपने बुजुर्गों के साथ समय बिताने और उनके अनुभवों को समझने का संदेश दिया जाएगा। संस्था ने सामाजिक संगठनों, परिवारों और आम लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

अब स्कूल से ही रोजगार की राह समझेंगे विद्यार्थी

डीआर संवाददाता» भोपाल।

मप्र के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ कामकाजी दुनिया और भविष्य के रोजगार अवसरों से जोड़ने की पहल शुरू हुई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल और उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा को व्यावहारिक, कौशल आधारित व भविष्य केंद्रित बनाना है। बोर्ड के सचिव बृजेश कुमार वैद्य और फाउंडेशन के श्याम सूर्यनारायण की मौजूदगी में हुए करार का लक्ष्य सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को बदलती नौकरी और व्यवसाय की दुनिया के अनुरूप तैयार करना है। एमओयू के तहत विद्यार्थियों को किसी एक कौशल का प्रशिक्षण देने के

बजाय अलग–अलग व्यवसायों, स्थानीय अवसरों और उभरते क्षेत्रों की जानकारी दी जाएगी। उन्हें वास्तविक जीवन की परिस्थितियों से जोड़कर रचनात्मक सीखने के अवसर भी मिलेंगे। मंडल के अधिकारियों ने दावा करते हुए बताया कि इससे छात्र अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार आगे की पढ़ाई, रोजगार या उद्यमिता के विकल्प समझ सकेंगे। पहल में सीखने से आगे बढ़कर काम करना, समस्या का समाधान खोजना और जरूरी कौशल विकसित करना शामिल है।

विद्यार्थियों को रचनात्मक सोच, समस्या समाधान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जिम्मेदार उपयोग जैसी क्षमताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | भाद्र पद शुक्ल पक्ष 07 - 2082 | सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 18 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

मंच मिला तो हिंदी ने खोली प्रतिभा की राह

सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़े के तहत विद्यार्थियों की भाषायी क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल निखारने के साहित्यिक विधाओं पर भाषायी प्रतियोगिताएं कराई गईं। वाद-विवाद, आशुभाषण, कविता-पाठ और हिंदी व्याकरण आधारित प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान होने के साथ अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से मातृभाषा के प्रति रुचि बढ़ाने और दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग को प्राथमिकता देने की बात कही। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अध्ययन में हिंदी के उपयोग के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने और हिंदी भाषा के प्रति रुचि विकसित करने का अवसर मिला।

संतान के सुख, स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की

बिलकिसगंज। संतान सप्तमी के अवसर पर गो गुरुवार को बिलकिसगंज में महिलाओं ने श्रद्धा से व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की। महिलाओं ने संतान की सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। पंडित राकेश शर्मा के घर महिलाओं ने सामूहिक पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद राकेश शर्मा की पुत्री शोभिता ने संतान सप्तमी व्रत की कथा सुनाई और व्रत का धार्मिक महत्व भी बताया। उन्होंने कहा कि माताएं संतान के उज्जवल भविष्य, सुख-समृद्धि और लंबी आयु की कामना से यह व्रत रखती हैं। कथा के बाद महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती से संतान के स्वस्थ और सुखी जीवन की प्रार्थना की।

औजारों से वाहनों तक, हर हुनर को किया नमन

बिलकिसगंज। ग्रामीण के गणेश मंदिर कौशाल में गुरुवार को विश्वकर्मा समाज समिति की ओर से भगवान विश्वकर्मा पूजा समारोह आयोजित किया गया। समाजजनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन किया। इस दौरान औजारों, मशीनों और वाहनों का भी विधिवत पूजन किया गया। समाजजनों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन, निर्माण और तकनीकी कौशल का प्रतीक माना जाता है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर मेहनत, ईमानदारी और एकजुटता के साथ समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए।

मरम्मत के नाम पर घोटाला | 81 लाख के स्कूल मरम्मत मामले में दो अधिकारियों को चार्जशीट

बिना टेंडर चहेती फर्मों को काम देने और भुगतान में अनियमितता के आरोप

डीआर संवाददाता-सीहोर

जिले के सरकारी स्कूलों में मरम्मत कार्यों के नाम पर करीब 81 लाख रुपए के खर्च में अनियमितताओं का मामला सामने आने के बाद लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने दो विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की है। दोनों अधिकारियों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण एवं अपील नियम 1966 के तहत विभागीय जांच के लिए आरोप-पत्र जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई दैनिक हरिभूमि में 10 मई 2026 को प्रकाशित खबर के बाद हुई है।

आष्टा में 49.50 लाख के काम पर सवाल

आष्टा विकासखंड के 11 स्कूलों के लिए 49.50 लाख रुपए की राशि आवंटित की गई थी। इनमें लोरासकलां, गैना, खामखेड़ा, चमारिया हाट, खामखेड़ा बेजनाथ, धुराडाकलां, जावरावाद, खजूरिया कासम, फूलरा, हर्राजखेड़ी और कोठरा के स्कूल शामिल थे। आरोप है कि तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुशवाह ने ई-टेंडर प्रक्रिया का पालन नहीं किया। अमीर ट्रेडर्स सीहोर, एमएन इंटरप्राइजेस और अविनय इंटरप्राइजेस भोपाल से एक-एक कोटेशन लेकर कार्य आवंटित कर दिए गए। आरोप-पत्र के अनुसार कुछ स्कूलों में प्राचार्यों ने वर्क ऑर्डर अपने स्तर पर जारी किए, जिनमें जावक क्रमांक और तारीख तक दर्ज नहीं थी। कार्यों के सत्यापन के बिना करीब 46.49 लाख रुपए का भुगतान किए जाने की बात सामने आई है। प्रमोद कुशवाह वर्तमान में सहायक संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के पद पर पदस्थ बताए गए हैं।

सीहोर में 31.50 लाख के कार्यों में भी अनियमितता

सीहोर विकासखंड के सात स्कूलों संग्रामपुर, पीएम श्री श्यामपुर, गुडभेला, बरखेड़ी, जताखेड़ा, मोगराराम और मुकरा के लिए 31.50 लाख रुपए जारी किए गए थे। आरोप है कि तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कौर ने भी खुली निविदा प्रक्रिया नहीं अपनाई और उन्हीं तीन फर्मों को काम दिए गए। आरोप-पत्र में काम की दरें बाजार दर से अधिक होने का भी उल्लेख किया गया है। दीपा कौर वर्तमान में शाजापुर जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं।

सत्यापन रिपोर्ट में सामने आई गड़बड़ियां

संयुक्त जांच टीम की सत्यापन रिपोर्ट में कई गंभीर अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। खजूरिया कासम स्कूल में मरम्मत कार्य नहीं होने के बावजूद 4.49 लाख रुपए का बिल सामने आया। मोगराराम में नए निर्माण के लिए भी भुगतान किए जाने की बात रिपोर्ट में कही गई है। हर्राजखेड़ी और फूलरा में काम असंतोषजनक पाया गया, जबकि जताखेड़ा और संग्रामपुर में टीनशेड से संबंधित कार्यों में भी अनियमितता का उल्लेख किया गया है।

मामले में दोनों अधिकारियों पर नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए गए हैं। विभागीय जांच में 38 प्राचार्यों और तकनीकी अधिकारियों को गवाह बनाया गया है।

श्यामपुर, दोराहा, अहमदपुर बरखेड़ा हसन में लाखों का खेल

सीहोर विधान सभा क्षेत्र के चरनाल, अहमदपुर, बरखेड़ा हसन में स्कूलों की मरम्मत के नाम पर तीनकोटी कर लाखों रुपए निकलवाए गए। संबंधित स्कूलों प्राचार्यों पर दबाव बनाकर यह खेला जा रहा है। नाम न लेने पर बताया कि राजनीतिक लोगों के दबाव के चलते राशि निकालना हमारी मजबूरी है।

सीवन नदी घाट से गांवों तक जले आशीर्वाद के हजारों दीये

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ आयोजन,

डीआर संवाददाता-सीहोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार शाम सीहोर में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा और सामाजिक संगठनों की ओर से हुए आयोजन में शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने बड़ी संख्या में मिट्टी के दीये जलाए। सीवन नदी के घाट, प्रमुख चौराहों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए गए। सीवन नदी घाट पर दीयों की कतारें आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

महिलाओं और बुजुर्गों ने देश की प्रगति, सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने सेवा, स्वच्छता और सामाजिक सहभागिता को अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

आयोजन के अंत में लोगों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा का संकल्प लिया। इसके बाद एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं।

छात्रसंघ चुनाव का रोडमैप तैयार करेगी समिति

डीआर संवाददाता-सीहोर

15 दिन में उच्च शिक्षा विभाग को सौंपेगी अनुशंसा'

सीहोर। मध्यप्रदेश में करीब नौ साल बाद छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने चुनाव का रोडमैप तैयार करने के लिए छह सदस्यीय समिति गठित की है, जिसे 15 दिन में अपनी अनुशंसाएं विभाग को सौंपनी हैं। 2017 के बाद छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए थे।

समिति के संयोजक सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. माथुर को बनाया गया है। इसमें अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरु डॉ. राजेंद्रकुमार कुररिया, माखनलाल विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो. एसके यादव, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल के संचालक प्रदीपकुमार अग्रवाल, महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर के प्राचार्य प्रो. आलोक चतुर्वेदी और उच्च शिक्षा संचालनालय भोपाल की अकादमिक शाखा के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी प्रो. दिनेश दवे सदस्य हैं।

उच्च शिक्षा विभाग के 2026-27 के अकादमिक कैलेंडर में सितंबर में छात्रसंघ गठन का प्रावधान है। हाईकोर्ट के समक्ष भी सरकार ने सितंबर 2026 में चुनाव कराने की जानकारी दी थी। हालांकि चुनाव की विस्तृत प्रक्रिया और आधिकारिक कार्यक्रम को लेकर आगे की घोषणा का इंतजार है।

बिजली बिल अपडेट कराने के बहाने बुजुर्ग से 5.08 लाख की साइबर ठगी

ऑनलाइन बिल जमा करने के बाद आया फोन, कनेक्शन कटने का डर दिखाकर बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से निकाली राशि

डीआर संवाददाता-सीहोर

बिजली बिल अपडेट नहीं होने और कनेक्शन कटने का डर दिखाकर साइबर ठगों ने वैशाली नगर निवासी 67 वर्षीय अनिल कुमार जैन को अपना शिकार बना लिया। पीड़ित द्वारा ऑनलाइन बिजली बिल जमा करने के महज 44 मिनट बाद ठग का फोन आया। आरोपी ने सिस्टम में भुगतान अपडेट नहीं होने की बात कहकर उन्हें झांसे में लिया और बैंक खाते व क्रेडिट कार्ड से कुल 5 लाख 8 हजार 844 रुपए की राशि निकाल ली।

पुलिस के अनुसार, अनिल कुमार जैन ने 1 सितंबर को सुबह 11.18 बजे बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान किया था। दोपहर 12.03 बजे उनके मोबाइल पर हरीश कुमार नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि बिल का भुगतान हो चुका है, लेकिन सिस्टम में राशि अपडेट नहीं हुई है। भुगतान अपडेट नहीं कराने पर बिजली कनेक्शन काटने की बात कहकर आरोपी ने व्हाट्सएप पर लिंक की फाइल भेजी और आगे की प्रक्रिया कराई।

इसके बाद पीड़ित के बैंक खाते से 55 हजार 307 रुपए ट्रांसफर हो गए। अन्य खातों और क्रेडिट कार्ड की जांच करने पर पता चला कि उनके और उनकी पत्नी के दो क्रेडिट कार्ड से 96 हजार 952 रुपए और 2 लाख 7 हजार 34 रुपए निकाले गए। इसके अलावा यूपीआई के माध्यम से 1 लाख 49 हजार 551 रुपए ट्रांसफर किए गए। पीड़ित ने हेल्पलाइन के साथ साइबर पुलिस को शिकायत कर कार्रवाई और राशि वापस दिलाने की मांग की है।

बिल जमा करते ही ठगों तक कैसे पहुंची जानकारी?

मामले में यह सवाल भी जांच का विषय है कि बिल भुगतान के तुरंत बाद ठगों को उपभोक्ता की सटीक जानकारी कैसे मिली। पुलिस इस पहलू की जांच कर रही है। एडिशनल एसपी प्रकाश चौबे ने साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

भागवत कथा में संत मिट्ठूपुरा सरकार ने दिया सुख-दुख में समभाव का संदेश



डीआर संवाददाता-आष्टा।

श्रीराम मंदिर धर्मशाला महावाड़ा में चल रही सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के पांचवें दिन व्यासपीठ से परम भागवत भूषण संत मिट्ठूपुरा सरकार ने श्रद्धालुओं को सुख-दुख में समभाव रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संसार में दुख और सुख दोनों आते-जाते रहते हैं, इसलिए दुख से घबराना नहीं चाहिए और सुख में कभी इतराना नहीं चाहिए।

संत ने कहा कि भक्ति का मार्ग कठिन है। सच्ची भक्ति के लिए जात-पात, लोभ-लालच, काम, क्रोध और मान-अपमान का त्याग आवश्यक है। उन्होंने संत रविदास, तुलसीदास, कबीर, मीराबाई, नरसी मेहता, भक्त प्रहलाद और ध्रुव जैसे महापुरुषों का उदाहरण देते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने भक्ति और समाज सेवा का मार्ग नहीं छोड़ा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का भी विस्तार से वर्णन किया गया। मुख्य यजमान कैलाश सिंह परिहार ने संत का शाल-श्रीफल से स्वागत किया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रसाद का वितरण अर्जुन सिंह चारा परिवार की ओर से किया गया। इस अवसर पर कल्याण सिंह खजूरिया, जगन्नाथ सिंह, कमल सिंह पहलवान, सज्जन सिंह पहलवान, योगेंद्र सिंह पटेल, राजेंद्र सोलंकी, प्राण सिंह मामा, दयाराम परिहार, सुरेंद्र सिंह, देवकरण सिंह राणा, प्रेम सिंह महाकाल, धीरज नागराज, राकेश सोलंकी, अर्जुन सिंह सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

12 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 10,200 रुपए समन शुल्क वसूला

प्रमुख चौराहों पर सघन चेकिंग, वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन की समझाइश

डीआर संवाददाता-सीहोर

सीहोर। शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए यातायात पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने भोपाल नाका, कॉलोनी चौराहा, तहसील चौराहा, पुराना बस स्टैंड और पुरानी सब्जी मंडी सहित प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 12 चालान बनाए गए और 10 हजार 200 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। भोपाल नाका तिराहे पर शारदानी शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल की छुट्टी के समय पुलिस ने विद्यार्थियों और स्कूल बसों को सुरक्षित तरीके से निकलवाया। पार्वती नदी तट स्थित शंकर मंदिर क्षेत्र में बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित कराया गया। गणेश उत्सव के दौरान कॉलोनी चौराहा और बजरंग कॉलोनी के पंडालों के आसपास भी यातायात व्यवस्था संभाली गई। पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात संकेतों का पालन करने की समझाइश दी।

धर्म समाज

20 सितंबर से शोभायात्रा के साथ शुरू होगी पंडित प्रदीप मिश्रा की भागवत कथा

अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में सात दिवसीय आयोजन, शोभायात्रा से होगा शुभारंभ

डीआर संवाददाता- सीहोर

शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में लगातार आयोजित हो रही सात दिवसीय भागवत कथा इस वर्ष 27वें वर्ष में प्रवेश करेगी। अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में 20 सितंबर से भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा करेंगे। आयोजन को लेकर अग्रवाल महिला मंडल के साथ क्षेत्रवासी और प्रशासन तैयारियों में जुटे हुए हैं।

कथा के शुभारंभ अवसर पर 20 सितंबर को सुबह परंपरानुसार सादगी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा बड़ा बाजार स्थित भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा के बाद दोपहर 2 बजे से भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर भी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

आयोजकों के अनुसार धर्मशाला में स्थान सीमित होने के कारण कथा स्थल में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र की व्यवस्था की गई है। भवन के बाहर भी श्रद्धालु कथा का श्रवण कर सकें, इसके लिए साउंड सिस्टम और एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की जा रही है। इससे अधिक संख्या में श्रद्धालु बाहर से भी कथा का आनंद ले सकेंगे।

सात दिवसीय कथा के दौरान विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। इनमें शिव कथा, वामन अवतार और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग प्रमुख रहेगा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को श्रद्धालु आस्था और उत्साह के साथ मनाएंगे। इसके अलावा गोवर्धन पूजन के साथ भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा।

स्वामित्व अधिकार पत्र के निशुल्क पंजीयन का शुभारंभ

डीआर संवाददाता- सीहोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख के निशुल्क पंजीयन की प्रक्रिया शुरू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इंदौर से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस पहल से प्रदेश के 50 लाख से अधिक नागरिकों को भूमि और भवन संबंधी स्वामित्व अधिकार पत्र के निशुल्क पंजीयन का लाभ मिलेगा।

सीहोर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में भी पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई। पटवारी और संबंधित शासकीय कर्मचारी पंचायतों में मौजूद रहे और हितग्राहियों की ई-केवाईसी सहित आवश्यक कार्रवाई पूरी कराई। साथ ही नागरिकों को स्वामित्व अधिकार पत्र के पंजीयन की प्रक्रिया और इसके लाभों की जानकारी दी गई।

ग्राम लसुड़िया परिहार के राजेश, विजय सिंह, रामदयाल और जगन्नाथ कुमार सहित हितग्राहियों ने कहा कि वर्षों से उपयोग में रही भूमि और भवन का विधिवत दस्तावेज मिलने से संपत्ति को कानूनी आधार मिलेगा। उन्होंने बताया कि पंजीयन के बाद आवश्यकता पड़ने पर संपत्ति का उपयोग बैंक ऋण सहित अन्य आर्थिक जरूरतों के लिए किया जा सकेगा। हितग्राहियों ने निशुल्क पंजीयन की सुविधा को ग्रामीण परिवारों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे अतिरिक्त आर्थिक भार नहीं आएगा।

अधिकार पत्र मिलने से संपत्तियों का व्यवस्थित अभिलेखीकरण होगा और ग्रामीण परिवार अपनी संपत्ति का उपयोग आर्थिक गतिविधियों के लिए अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्र पद शुक्ल पक्ष 07 - 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 18 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

कोटवारों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन कल

सीहोर। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ 19 सितंबर को मरी माता मंदिर, नवकड़ खेड़ा, इछावर में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन करेगा। प्रदेश स्तरीय कोटवार महासम्मेलन में कोटवारों से जुड़ी अलग-अलग समस्याओं पर चर्चा होगी। प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता मंथन करेंगे। संघ के जिला अध्यक्ष छगनलाल मालवीय ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरवीर सिंह यादव शामिल होंगे। धरना-प्रदर्शन, आंदोलन की रणनीति सम्मेलन में तय होगी।

बाबा रामदेव निशान यात्रा 21 अक्टूबर को

सीहोर। क्षेत्र की सुख-समृद्धि और मंगल कामना के लिए मंडी निवासी दिनेश राठौर अपने निवास मंडी से रुनिचा धाम इछावर तक बाबा रामदेव पैदल निशान यात्रा निकालेंगे। दिनेश राठौर ने बताया कि सोमवार 21 अक्टूबर को सुबह 7 बजे मंडी सीहोर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद यात्रा शुरू होगी। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकलेगी। रुनिचा धाम के कथावाचक आनंद मोहन शुक्ला की मौजूदगी में धाम परिसर में ध्वजा चढ़ाई जाएगी।

गैर-संक्रामक रोगों के देखभाल की जानकारी दी

सीहोर। विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला अस्पताल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। अस्पताल में इलाज और जांच के लिए पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को गैर-संक्रामक रोगों के लिए सुरक्षित देखभाल विषय पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों ने हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर, पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियों से बचाव के तरीके बताए। इन बीमारियों के लक्षण समय पर पहचानने पर जोर दिया। नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी मरीजों को समझाया गया।

अवैध मदिरा के खिलाफ कार्यवाही

सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई जारी है। जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि आष्टा, दोराहा, भैरूंदा और सीहोर क्षेत्र में कार्रवाई कर 9 प्रकरण दर्ज किए गए। टीम ने 101 पाव देशी मदिरा, 15 लीटर कच्ची मदिरा और 120 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 23 हजार रुपए है। सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत विवेचना में लिए गए हैं। विभाग ने अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।

हिंदी पखवाड़े के तहत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

सीहोर। प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर में हिंदी पखवाड़े के तहत विभिन्न साहित्यिक व भाषायी प्रतियोगिताओं का उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों की भाषायी क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए वाद-विवाद, आशुभाषण, कविता-पाठ तथा हिंदी व्याकरण पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़कर हिस्सा लिया।

टोल वसूली 426 करोड़ की सड़क, 1610 करोड़ की वसूली, भोपाल-देवास कॉरिडोर पर सवाल

टोल की कमाई भारी, सड़क की हालत बदहालय गड्ढे, धंसे शोल्डर और कीचड़ से हादसों का खतरा

डीआर संवाददाता>सीहोर

भोपाल-देवास कॉरिडोर पर टोल वसूली और सड़क की स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। एमपीआरडीसी के इस मार्ग के निर्माण पर करीब 426 करोड़ रुपए खर्च हुए, जबकि उपलब्ध जानकारी के अनुसार टोल कंपनियां अब तक करीब 1610 करोड़ रुपए की वसूली कर चुकी हैं। इसके बावजूद भोपाल से देवास के बीच कई हिस्सों में सड़क की हालत खराब बनी हुई है। टोल कंपनियां वसूली गई राशि का इस्तेमाल सड़क के रखरखाव में होने का दावा करती हैं, लेकिन जमीनी स्थिति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कई स्थानों पर सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। कहीं डामर उखड़ा हुआ है तो कहीं सड़क के किनारे का शोल्डर धंस गया है। बारिश के दौरान इन हिस्सों में कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन रही है। इससे वाहन चालकों को परेशानी के साथ हादसों का खतरा भी बढ़ रहा है। लोगों का सवाल है कि जब टोल के रूप में लगातार राशि वसूली जा रही है तो सड़क की मरम्मत और रखरखाव समय पर क्यों नहीं हो रहा।

21 मई 2033 तक जारी रहेगी वसूली

उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस मार्ग पर टोल वसूली 21 मई 2033 तक जारी रहने का प्रावधान है। इससे यह सवाल भी उठ रहा है कि शुरुआती निर्माण लागत की तुलना में कई गुना राशि वसूल होने के बाद भी वाहन चालकों को बेहतर सड़क सुविधा कब मिलेगी।

टोल नियमों पर भी उठे सवाल

केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार सामान्य परिस्थितियों में दो टोल प्लाजा के बीच कम से कम 60 किलोमीटर की दूरी का प्रावधान बताया जाता है। हालांकि प्रदेश में कुछ स्थानों पर इससे कम दूरी के भीतर टोल नाके होने को लेकर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं। विधानसभा में विपक्ष ने टोल वसूली और सड़क की स्थिति को लेकर सवाल उठाए हैं। सरकार का कहना है कि नियमों के अनुसार ही टोल वसूला जा रहा है और अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की जाती है।

रखरखाव को लेकर कंपनी का तर्क

देवास-भोपाल कॉरिडोर के जीएम अजय मिश्रा ने बताया कि अनुबंध पहले से निर्धारित होता है। नाली निर्माण और अन्य कार्यों को लेकर नगर पालिका के नोटिस से अनुबंध पर कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि अभी बारिश का समय चल रहा है, इसलिए सड़क के किनारे के शोल्डर धंसने और अन्य समस्याएं सामने आ रही हैं।

होटल रेडिएंट की रसोई में खाद्य विभाग का छापा, 1-2 दिन पुरानी ग्रेवी मिली

डीआर संवाददाता>सीहोर

भोपाल नाका के पास स्थित होटल रेडिएंट की रसोई में खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी कर खाद्य सामग्री और स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवलिन पन्ना के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान रसोई में पहले से तैयार 1-2 दिन पुरानी ग्रेवी मिली। टीम ने ग्रेवी के साथ बेसन, कॉर्न स्टार्च और नमक के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं।

निरीक्षण के दौरान फ्रीजर में खुले में रखी खाद्य सामग्री पर भी आपत्ति जताई गई। टीम ने सामग्री को ढककर और अलग-अलग रखने के निर्देश दिए। विभाग ने होटल प्रबंधन से भोजन तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले पानी की जांच रिपोर्ट भी मांगी है। इसके अलावा रसोई में काम करने वाले कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। होटल संचालक ने दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए 10 से 14 दिन का समय मांगा है।

लगातार हो रही कार्रवाई

जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर विभाग लगातार निरीक्षण कर रहा है। हाल ही में आष्टा के नाना पर रिसॉर्ट से एक्सपायरी मसाला और चावल में कीड़े मिलने के बाद कार्रवाई की गई थी। इसके अलावा विभिन्न रेस्टोरेंट, रिसॉर्ट और किराना दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए हैं।

विभाग के अनुसार होटल रेडिएंट से लिए गए नमूनों की जांच राजकीय खाद्य प्रयोगशाला में होगी। रिपोर्ट में मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम हुए

डीआर संवाददाता>कलथेड़ा

ग्राम पंचायत कलथेड़ा में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम हुए। ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में मां के नाम पौधा, प्रधान मंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने विचार साझा किया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव दीपक पाठक, रोजगार सहायक, हल्का पटवारी, पंचायत के पंच आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही

दीप प्रज्जवलित कर सेवा संकल्प मनाया

डीआर संवाददाता>सोनकच्छ

ग्राम पंचायत सोनकच्छ में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम हुए। गुरुवार की शाम के समय प्रधानमंत्री के जन्मदिवस सेवा सेवा संकल्प के रूप में मनाया। इस दौरान पंचायत परिसर में सरपंच दिवान सिंह ठाकुर की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित किए गए। इस दौरान नरेश सहित ग्राम पंचायत के पंच गण व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे

विश्व रोगी सुरक्षा दिवस पर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य

डीआर संवाददाता>आष्टा।

सीहोर, 17 सितंबर। विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल सीहोर में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अस्पताल पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को 'गैर-संचारी रोगों के लिए सुरक्षित देखभाल' विषय पर जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य कर्मियों ने हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियों से बचाव, लक्षणों की समय पर पहचान तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी।

मरीजों को चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार लेने और स्वास्थ्य संबंधी समस्या को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के दौरान

छिंदवाड़ा ने रायसेन को 4-1 से हराया, सेमीफाइनल में मंडला से मुकाबला

डीआर संवाददाता>सीहोर

शहर के आवासीय खेलकूद मैदान एवं चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता अंतिम दौर में पहुंच गई है। गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में बालाघाट ने सागर को 5-0 से हराया, जबकि छिंदवाड़ा ने रायसेन को 4-1 से शिकस्त देकर दूसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले मुकाबले में

बालाघाट के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। टीम की ओर से प्रयान, दिव्यांश, आयान, अखिलेश सिंह और प्रथम ने एक-एक गोल किया। पूरे मुकाबले में बालाघाट के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल के साथ खेलते हुए सागर को गोल करने के ज्यादा अवसर नहीं दिए। दूसरे मुकाबले में छिंदवाड़ा और रायसेन की टीमें आमने-सामने थीं। छिंदवाड़ा ने शुरुआत से ही आक्रमण के साथ मजबूत रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन किया। टीम की ओर से वेदांत, अर्थव, आयान और तुषार ने एक-एक गोल कर 4-1 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ छिंदवाड़ा ने दूसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। पहला सेमीफाइनल भोपाल और इंदौर के बीच हुआ, जिसमें भोपाल ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। अब दूसरे सेमीफाइनल में शुक्रवार को मंडला और छिंदवाड़ा के बीच मुकाबला होगा। यह मैच भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर खेला जाएगा। मंडला ने अब तक तीन मुकाबले जीते हैं, जबकि छिंदवाड़ा भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सेमीफाइनल को लेकर तैयारियां पूरी हैं। गुरुवार को एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नौजिया, खेल अधिकारी अताउल्ला खान सहित अन्य पदाधिकारियों ने मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

स्वच्छता जन-जागरूकता रैली एवं श्रमदान अभियान का आयोजन

डीआर संवाददाता>सीहोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छता ही सेवा-स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' आह्वान के तहत जिला पंचायत सीहोर और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वच्छ भारत, विकसित भारत 2026' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जन-जागरूकता रैली और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में सीमा (क्ष.) एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने भी सहभागिता की।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुजना यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से शुरू होकर टाउन हॉल पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन की आदत बनाने का संदेश दिया। टाउन हॉल परिसर में प्रतिभागियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। युवाओं को निरंतर स्वच्छता गतिविधियों में भागीदारी की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में कौशल विकास कार्यक्रम के विद्यार्थी, पशु सखी दीदियां, स्व सहायता समूह की महिलाएं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य स्वच्छता को एक दिन की गतिविधि तक सीमित न रखकर समुदाय में स्थायी व्यवहार के रूप में स्थापित करना है।

कार्यक्रम अयोजित प्रथाएं एक स्थिति अध्ययन के अंतर्गत साक्षात्कार एवं सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

एनसीईआरटी शोध के तहत मार्गदर्शन और परामर्श पर किया सर्वेक्षण

डीआर संवाददाता>सीहोर

दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), नई दिल्ली के भारत के विद्यालयों में मार्गदर्शन एवं परामर्श की प्रथाएं एक स्थिति अध्ययन के अंतर्गत साक्षात्कार एवं सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के अध्यक्ष अधिवक्ता जोली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन एवं विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों डॉ. नवीन कुमार मेवाड़ा सहायक प्राध्यापक, डॉ. नेहा रानी एसआरएफ, डॉ. अनिता बड़गुर्जर प्राचार्य जिला शिक्षा

एवं प्रशिक्षण संस्थान, डॉ. मंगलेश जायसवाल व्याख्याता, वीएस ठाकुर एवं योगिता लोधी का विद्यालय बैंड दल के साथ स्वागत किया गया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया।

स्वागत भाषण में संस्था अध्यक्ष - एड. जोली कुरियन ने शोध दल का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मार्गदर्शन एवं परामर्श के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यालय की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

शोध दल द्वारा प्राचार्य, विद्यालय परामर्शदाता, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के साथ समूह चर्चा की गई। इस दौरान विद्यालय में मार्गदर्शन एवं परामर्श से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की गई तथा सर्वेक्षण किया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण, लक्ष्य निर्धारण, भविष्य की योजना एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित मार्गदर्शन दिया तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रश्नों के उत्तर दिए।

प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने शोध दल के साथ अपने विचार साझा किए तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं परामर्श से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। विद्यालय परामर्शदाता सुश्री रोवी ने सीहोर जिले से दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल का एनसीईआरटी के राष्ट्रीय स्तर के शोध कार्यक्रम के लिए उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयन किए जाने पर आभार व्यक्त किया।

उन्होंने शोध दल का धन्यवाद करते हुए इस अवसर को विद्यालय के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने एनसीईआरटी के शोध दल का विद्यालय में आगमन एवं विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ उपयोगी संवाद के लिए आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी गोस्वामी द्वारा किया गया। कार्यक्रम विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी

आबकारी एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता>आष्टा

कलेक्टर श्री बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण एवं क्रय-विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री दीपसिंह राठौर ने बताया कि वृत्त आष्टा के सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में जावर जोड़ स्थित रिहायशी मकान से विभिन्न ब्रांडों की 135 लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। कार्रवाई के दौरान आरोपी धनराज प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि आरोपी रोहित प्रजापति मौके से फरार हो गया था। फरार आरोपी रोहित प्रजापति को आज उसके मकान से गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। इसी क्रम में वृत्त भैरूंदा के ग्राम गुलरपुर से 12 पाव देशी मदिरा एवं 210 किलोग्राम महुआ लाहन तथा ग्राम उमरखाल से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा एवं 40 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर कुल 3 प्रकरण कायम किए गए। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 26,960 रुपये है। सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत विवेचना में लिए गए हैं।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

05

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन | भाद्रपद शुक्ल पक्ष-07 -2083 | राजगढ़, दिन शुक्रवार, दिनांक 18 सितंबर 2026

न्यूज गैलरी

उप स्वास्थ्य केंद्रो पर हुआ टीकाकरण

राजगढ़। उप स्वास्थ्य केंद्र सीलखेड़ा और पाठली गुसाई में गुरुवार को लंबे अंतराल के बाद टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लाभार्थियों को नियमित टीकाकरण के महत्व की जानकारी भी दी। टीकाकरण का कार्य अशोक कारपेंटर ने किया। इस दौरान सीएचओ संतोष लववंशी, सपोर्ट स्टाफ शिवराज सिंह बना, आशा कार्यकर्ता रीना बैरागी, ममता लववंशी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं। स्वास्थ्यकर्मियों ने महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण से मिलने वाले लाभों के बारे में बताया और समय पर टीके लगवाने के लिए प्रेरित किया।

जयंती पर निकली शोभायात्रा

माचलपुर। भादवी छठ के अवसर पर गुरुवार को नगर में भगवान देव नारायणजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन सहित क्षेत्रवासी शामिल हुए। धार्मिक उत्साह के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान देव नारायणजी के जयकारे लगाए। शोभायात्रा की शुरुआत तिम्बडी वाले देव नारायणजी मंदिर से हुई। भगवान देव नारायणजी की आकर्षक झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में घोड़े, भगवा ध्वज लेकर चल रहे श्रद्धालु और बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

एसडीओपी ने मंदिर में दर्शन कर संभाला पदभार

नरसिंहगढ़। नवागत एसडीओपी रामस्नेह चौहान ने गुरुवार को नरसिंहगढ़ में पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने से पहले उन्होंने नगर के प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और छोटा महादेव शिवालय पहुंचकर दर्शन किए। पूजा-अर्चना के बाद वे एसडीओपी कार्यालय पहुंचे, जहां पुलिस स्टाफ ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद एसडीओपी चौहान ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की बात कही। इस दौरान थाना प्रभारी गुंजा सोलंकी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

19 सितंबर को लगेगा कैंसर जांच शिविर

राजगढ़। भारत विकास परिषद, लायंस क्लब नरसिंहगढ़ और मेहता आरोग्यम हास्पिटल के सहयोग से 19 सितंबर शनिवार को निशुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर मेहता आरोग्यम हास्पिटल, छत्री चौराहा में लगेगा। सुबह 10.30 बजे कैंसर जागरूकता व्याख्यान होगा। इसके बाद 11 बजे से जांच शुरू होगी। एससीजी हॉस्पिटल इंदौर के कैंसर रोग विशेषज्ञ सर्जन डा. नयन गुप्ता और उनकी टीम सेवाएं देगी। शिविर में 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों के लिए प्रोस्टेट कैंसर की पी. जांच, गुटखा-तंबाकू सेवन करने वालों के मुंह की जांच तथा महिलाओं में बच्चेदानी संबंधी समस्या और अनियमित माहवारी के लिए पैप स्मीयर जांच निःशुल्क की जाएगी। सुविधा पहले 50 मरीजों को मिलेगी।

हड़ताल | दूध के दाम और दुग्ध उत्पादकों को मिलने वाली राशि बढ़ाने की मांग को लेकर चल रही हड़ताल का असर

दूध की आपूर्ति प्रभावित होने से शहर में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

दूध के दाम और दुग्ध उत्पादकों को मिलने वाली राशि बढ़ाने की मांग को लेकर चल रही हड़ताल का असर राजगढ़ जिले में दूसरे दिन भी दिखाई दिया। जीरापुर में बुधवार को हड़ताल समाप्त हो गई, लेकिन राजगढ़ और खिलचीपुर में दुग्ध उत्पादक अपनी मांगों पर अब भी अड़े हुए हैं। दूध की आपूर्ति प्रभावित होने से शहर में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दूध लेने के लिए पहुंच रहे हैं।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन, दुग्ध विक्रेताओं और पशुपालकों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा से मुलाकात कर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने दुग्ध उत्पादकों को मिलने वाली राशि बढ़ाने सहित अन्य मांगों के निराकरण की मांग रखी।

एनडीडीबी तक पहुंचाएंगे किसानों की मांग

कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि संबंधित विभागों के समन्वय से किसानों और पशुपालकों की वैध मांगों को नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने उचित कार्रवाई का भरोसा भी दिया। कलेक्टर ने कानून-व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि दूध वितरकों के वाहनों को नहीं रोका जाए और किसी तरह की बाधा उत्पन्न न की जाए। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने की बात कही।

करेड़ी में सांची टैंकर रोकने का मामला

कलेक्टर से मुलाकात के कुछ समय बाद करेड़ी में सांची दूध के टैंकर को रोकने का मामला सामने आया। स्थानीय किसान संगठन अध्यक्ष महेंद्र सिंह पंवार के नेतृत्व में लोगों ने टैंकर को रोककर चालक से आगे से दूध का टैंकर गांव में नहीं लाने को कहा। इस दौरान मांगें पूरी नहीं होने तक दोबारा टैंकर आने पर दूध सड़क पर बहाने की चेतावनी भी दी गई।

कालीपीठ में ग्रामीणों से हड़ताल के समर्थन की अपील

राजगढ़ के दुग्ध उत्पादक कालीपीठ गांव पहुंचे और वहां बैठक कर अपनी मांगों पर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों से हड़ताल के समर्थन की अपील की। आंदोलन आगे कितने समय तक जारी रहेगा, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है।

गांवों तक दूध लेने पहुंच रहे शहरवासी

बुधवार से शुरू हुई हड़ताल की जानकारी शहरवासियों को पहले ही मिल गई थी। कई लोगों ने मंगलवार शाम को अपनी जरूरत के अनुसार दूध खरीद लिया था। बुधवार को दूध की उपलब्धता कम होने के बाद गुरुवार को परेशानी और बढ़ गई। इसके चलते कई शहरवासी आसपास के गांवों में दूध लेने पहुंचे। कुछ लोगों को दूध मिल गया, जबकि कई लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा।

दूसरे दिन भी चाय की दुकानें रहीं बंद

दूध की आपूर्ति प्रभावित होने का सीधा असर चाय की गुमटियों और छोटी दुकानों पर भी पड़ा। कई चाय की दुकानें दूसरे दिन भी बंद रहीं। संचालकों का कहना है कि रोजाना चाय बेचकर परिवार का खर्च चलाने वाले दुकानदारों के सामने अब आर्थिक परेशानी बढ़ने लगी है। दूध की हड़ताल लंबी चलने पर

कॉलेज की समस्याओं को लेकर एआईडीएसओ ने किया प्रदर्शन, 12 मांगों का ज्ञापन सौंपा

डीआर संवाददाता ■ अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (नेहरू पीजी कॉलेज) में गुरुवार को अखिल भारतीय लोकतांत्रिक छात्र संगठन (एके) ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक और मूलभूत समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने प्राचार्य को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग की।

ज्ञापन में नियमित कक्षाएं संचालित करने, विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती करने तथा स्थायी नियुक्ति होने तक अस्थायी व्यवस्था करने की मांग प्रमुख रही। ग्रामीण विद्यार्थियों से बस सुविधा के लिए लिया जा रहा 380 रुपए शुल्क समाप्त कर निःशुल्क बस पास देने की मांग भी की गई।

संगठन ने पर्याप्त पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने, बंद साइंस लैब शुरू करने, लैब सामग्री और स्थायी तकनीशियन की व्यवस्था, छात्राओं के लिए कॉमन रूम तथा बंद छात्रावास खोलने की मांग रखी। इसके अलावा पेयजल, सफाई, शौचालय सुविधाएं, लंबित छात्रवृत्ति व आवास सहायता राशि जारी करने, नए विषय शुरू करने और छात्रसंघ चुनाव सीधी प्रणाली से कराने की मांग भी शामिल है।

ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष जितेन्द्र भंडारी और सचिव शिशुपाल पाल सहित विद्यार्थियों ने सौंपा।

कमला लॉज परिसर में युवक की मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

राजगढ़। गुना बायपास स्थित कमला लॉज परिसर में गुरुवार दोपहर एक 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान युधिष्ठिर पांडे निवासी कोठरी गांव के रूप में हुई है। वह फिलहाल ब्यावरा की आदर्श नगर कॉलोनी में परिवार के साथ रह रहे थे और अग्रवाल कृषि सेवा केंद्र में काम करते थे।

जानकारी के अनुसार, युधिष्ठिर दोपहर करीब 2:30 बजे लॉज परिसर पहुंचे थे। कुछ समय बाद आसपास के लोगों ने उन्हें परिसर में गंभीर हालत में देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परिवार के अनुसार, युधिष्ठिर पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे। हालांकि उनकी मौत के पीछे का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है। युधिष्ठिर के परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। बड़ा बेटा कक्षा 12वीं और छोटा बेटा कक्षा 8वीं में पढ़ता है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, 51 लोगों ने किया रक्तदान

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को ब्यावरा सिविल अस्पताल में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 51 लोगों ने रक्तदान किया।

राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों को फल वितरित किए तथा अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

कार्यक्रम में पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, डिजिटल तकनीक, रक्षा और अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।

इस दौरान सांसद रोडमल नागर, पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, एसडीओपी प्रकाश शर्मा, थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि, अस्पताल स्टाफ और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

मवेशी घुसाने के विवाद पर रास्ता रोककर दी धमकी

ईसागढ़। थाना क्षेत्र के कस्बे के वार्ड क्रमांक 15 में मवेशी द्वारा फसल नुकसान के विवाद को लेकर पड़ोसी ने युवक का रास्ता रोककर कुल्हाड़ी से हमला करने का प्रयास किया। फरियादी कैलाश केवट के अनुसार, 15 सितंबर की शाम खेत से घर जाते समय रास्ते पर इस्लाम कुशवाह और उसके लड़के मोहर सिंह ने पुरानी रंजिश में उन्हें रोक लिया। आरोपी कुल्हाड़ी लेकर मारने दौड़ा और धमकी दी। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर फरियादी को

शौच करने से रोका तो फावड़े से सिर पर हमला, युवक के 22 टांके आए

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

गोंई गांव में खेत के पास शौच करने से रोकने पर हुए विवाद में एक युवक ने खेत मालिक पर फावड़े से हमला कर दिया। घटना में घायल के सिर में गंभीर चोट आई और 22 टांके लगाए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गोंई निवासी हरिसिंह वर्मा (32) बुधवार सुबह करीब 9 से 10 बजे खेत में घास काट रहा था। इसी दौरान गांव का अंकित वर्मा कुएं के पास शौच कर रहा था। हरिसिंह ने वहां गंदगी करने से रोका तो दोनों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि अंकित ने गाली-गलौज करते हुए फावड़े से हरिसिंह के सिर पर वार कर दिया। शोर सुनकर हरिसिंह की पत्नी सोनूबाई मौके पर पहुंची और बीच-बचाव किया। घायल ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

मरीज के लिए रितिक यादव ने किया रक्तदान

डीआर संवाददाता ■ अशोकनगर

ग्राम बदी में खून की कमी से जूझ रहे मरीज के परिजनों के लिए रितिक यादव संकटमोचक बनकर उभरे हैं। दो दिनों से अस्पताल ब्लड के लिए भटक रहे परिजनों को जब कहीं से मदद नहीं मिली, तब रितिक ने आगे आकर पहली बार रक्तदान किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंद्रपाल यादव पिता जगभान यादव को इलाज के लिए ब्लड की सख्त जरूरत थी। खून में आई कमी के कारण परिजन पिछले दो दिनों से बेहद परेशान थे।

उन्होंने आसपास के कई लोगों से मदद की गुहार लगाई और ब्लड बैंक के चक्कर काटे, लेकिन कोई भी रक्तदान के लिए तैयार नहीं हो रहा था।

जब परिजनों की उम्मीदें टूटने लगी थीं, तभी अचानक उनकी बात रितिक यादव से हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रितिक ने बिना किसी हिचकिचाहट के रक्तदान करने की बात कही। खास बात यह रही कि रितिक ने अपने जीवन में पहली बार रक्तदान कर मरीज की जान बचाई, जिसकी ग्रामीणों और परिजनों द्वारा सराहना की जा रही है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा कई कार्यक्रम

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को ब्यावरा सिविल अस्पताल में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल में लगाए गए रक्तदान शिविर में 51 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

राज्यमंत्री पंवार ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को फल वितरित किए और अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जन्मदिन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा और जनहित से जुड़े कार्यों के माध्यम से मनाया जा रहा है। पंवार ने कहा कि भारत अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, डिजिटल तकनीक, रक्षा और अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत की भागीदारी बढ़ी है।

जनप्रतिनिधि और अस्पताल स्टाफ रहा मौजूद

कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, जगदीश केवट, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, एसडीओपी प्रकाश शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अस्पताल स्टाफ और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

पूर्व सांसद बोले - फिर भी वहां किसानों को दो गुना मुआवजा, हम चार गुना नहीं दिला पा रहे

किसानों के मंच से लक्ष्मण सिंह ने कहा- लानत है ऐसी राजनीति पर... यह हमारी

डीआर संवाददाता ■ सुठालिया

गुना हमारा जिला है, पीढ़ियों से यहां रहते आए हैं और उसका नेतृत्व भी कर रहे हैं। सिंधिया महाराज और हमारा परिवार भी यहां नेतृत्व कर रहा है। इसके बावजूद गुना जिले के किसानों को दो गुना मुआवजा मिल रहा है और हम सुठालिया के किसानों को चार गुना मुआवजा नहीं दिला पा रहे। लानत है ऐसी राजनीति पर, कहीं न कहीं यह हमारी असफलता है।

पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने बुधवार को सुठालिया के जीन मैदान बस स्टैंड पर किसानों के

आंदोलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। सुठालिया सिंचाई परियोजना के डूब प्रभावित किसान चार गुना मुआवजा और नौ सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना-भूख हड़ताल कर रहे हैं। किसानों की मांगों में मुआवजे के साथ पुनर्वास, छूटे मकानों व संपत्तियों का दोबारा सर्वे और प्रभावित परिवारों को नियमानुसार लाभ देने की मांग शामिल है।

किसानों को संबोधित करते पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह।

इस आंदोलन को जितनी गंभीरता से लेना था, उतनी नहीं लिया। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि गलती यह हुई कि किसानों के आंदोलन को जितनी गंभीरता से लेना चाहिए था, उतनी गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को लंबे समय से परेशानी है और अब लड़ाई को गांव-गांव तक ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि किसान केवल अपने खेत के कुएं तक सीमित न रहें। जिनका खेत डूब क्षेत्र में नहीं आ रहा, वे भी प्रभावित किसानों के साथ खड़े हों। उन्होंने किसानों से आंदोलन में बारी-बारी से शामिल होने का आह्वान किया।

एक फाइल नहीं सरका पाए तो कमजोरी हमारी

पूर्व सांसद ने गुना जिले के राजनीतिक नेतृत्व पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब बड़े बांध, कारखाने और बड़े काम करवाने में राजनीतिक नेतृत्व सक्षम है तो किसानों के मुआवजे की फाइल कहीं नहीं आगे बढ़ पाई। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों से बातचीत में उन्हें पता चला कि परियोजना से जुड़ी फाइल लंबे समय से सिंचाई विभाग में पड़ी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की समस्या को राजनीतिक गंभीरता नहीं मिली। साथ ही कहा कि आंदोलन को मजबूत करने के लिए किसानों को एकजुट होना होगा।

दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, पत्नी-बच्चे समेत 7 घायल

डीआर संवाददाता ■ अशोकनगर

जिले के पिपरई-बांसखेड़ी मार्ग पर बुधवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में धीपोन निवासी 22 वर्षीय करतार अहिरवार की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और एक साल का बेटा सहित 7 लोग घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल शाहबाज खान को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार करतार अहिरवार पत्नी अंजली और बेटे के साथ बांसखेड़ी स्थित ससुराल जा रहा था। इसी दौरान मुंगावली की ओर से आ रही शाहबाज खान की बाइक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में करतार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और बच्चे को मामूली चोटें आईं।

टक्कर के बाद शाहबाज की बाइक फिसलकर मुंगावली की ओर जा रहे तीन अन्य लोगों से भी टकरा गई। हादसे में शाहबाज सहित दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति और तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। इनमें कुछ को फ्रैक्चर होने की जानकारी है।

सभी घायलों को मुंगावली अस्पताल पहुंचाया गया।

न्यूज गैलरी

शुल्क के विरोध में व्यापार महासंघ आज देगा ज्ञापन

विदिशा। व्यापारियों पर 2 हजार रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 0.4% शुल्क लगाए जाने के विरोध में व्यापार महासंघ आज शुक्रवार सुबह 11 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। महासंघ ने नापतौल अधिनियम के तहत फीस में की गई वृद्धि और पेनल्टी को 2500 रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किए जाने पर भी आपत्ति जताई है। इसके अलावा सोने की हॉलमार्किंग फीस 45 रुपए से बढ़ाकर 75 रुपए किए जाने का भी विरोध किया जाएगा। महासंघ ने कहा कि इन शुल्क एवं फीस वृद्धि से व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। इन मुद्दों को लेकर व्यापारी कलेक्टर के माध्यम से शासन तक अपनी मांग पहुंचाएंगे।

ऑनलाइन मिलेगी भुगतान की जानकारी

विदिशा। लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को अब भुगतान की जानकारी ऑनलाइन प्रोफाइल के माध्यम से मिल सकेगी। आधिकारिक पोर्टल पर लाड़ली पंजीयन क्रमांक और ओटीपी के जरिए बालिका की प्रोफाइल खोलकर योजना के तहत हुए भुगतानों के साथ लंबित राशि की स्थिति भी देखी जा सकेगी। बालिका, माता-पिता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर यह जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

खरीफ फसल के लिए 10 तक होंगे पंजीयन

विदिशा। खरीफ के सीजन में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा बेचने के लिए किसान पंजीयन 15 सितंबर से शुरू हो गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। जिले में 14 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं, जहां सभी कार्य दिवसों में पंजीयन की सुविधा रहेगी। किसान मोबाइल से स्वयं निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं। ग्राम पंचायत सुविधा केंद्रों पर भी निःशुल्क पंजीयन होगा। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन, सीएससी और लोकसेवा केंद्रों पर अधिकतम 50 रुपए शुल्क देकर पंजीयन कराया जा सकेगा।

द्वारिकाधीश मंदिर में 12 बजे होगी जन्म आरती

विदिशा। किले के अंदर स्थित भगवान द्वारिकाधीश मंदिर में 19 सितंबर को राधाष्टमी महोत्सव परंपरागत विधि-विधान से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राधारानी का दिव्य एवं भव्य श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर परिसर में आध्यात्मिक झांकी भी सजाई जाएगी। मंदिर के मुखिया पं. गिरिजेश मिश्रा ने बताया कि विद्युत सज्जा भी की गई है। सुबह 11.30 बजे राधारानी का अभिषेक और दोपहर 12 बजे जन्म आरती होगी। शाम 7 बजे दर्शीखाना महोत्सव में भक्तों को फल, मिठाई और खिलौने वितरित किए जाएंगे।

विहिप के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार हुई विदिशा। विश्व हिंदू परिषद की

विदिशा। जिला बैठक मधुकर भवन संघ कार्यालय अरिहंत विहार में हुई। बैठक में प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह राजपूत एवं विभाग पालक व प्रांत कोषाध्यक्ष विजय जैन का मार्गदर्शन मिला। विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस पर ग्राम, मोहल्ला और खंड समिति स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई। श्रद्धेय अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। प्रत्येक समिति में सत्संग प्रारंभ करने, भोपाल में संत मार्गदर्शक सम्मेलन, बजरंग दल, मातृशक्ति व दुर्गावाहिनी की प्रांत बैठक सहित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

8 स्वास्थ्य संस्थाओं में लगे शिविर, गर्भवती महिलाओं की जांच पर रहा फोकस

सेवा संकल्प अभियान: 138 यूनिट रक्तदान हुआ 4768 मरीजों की ओपीडी

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय विदिशा ब्लड बैंक, मेडिकल कॉलेज, सिविल अस्पताल बासौदा व सिरोंज तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर, लटेरी, कुरवाई और नटेरन में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर हुए। आठ शिविरों में कुल 138 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इसमें 62 यूनिट मेडिकल कॉलेज और 76 यूनिट जिला चिकित्सालय में संग्रहित किया गया।

स्वास्थ्य शिविरों में 4768 मरीजों की ओपीडी दर्ज हुई। गर्भवती महिलाओं की जांच और उपचार पर विशेष ध्यान दिया गया। 702 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच हुई। इनमें 63 हाई रिस्क व गंभीर एनीमिया वाली महिलाओं को आयरन सुक्रोज दिया गया, जबकि 73 हाई रिस्क पीआईएच मामलों का प्रबंधन किया गया। 13 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया गया। दो सीवियर एनीमिया मामलों का उपचार किया गया और एक महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन दिया गया। शिविरों में 837 एनसीडी स्क्रीनिंग भी की गई। चार बच्चों का टीकाकरण, दो बच्चों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन और दो कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया गया। इसके अलावा 340 बुखार, 71 उल्टी-दस्त, 38 कुत्ते के काटने और एक सर्पदंश के केस की जानकारी दी गई।

नहीं जला पाए दीप, पुरातत्व विभाग की अनुमति न मिलने से बदला स्थान

ग्यारसपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्यारसपुर के ऐतिहासिक माला देवी मंदिर परिसर में प्रस्तावित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम ऐन वक्त पर नहीं हो सका। खंड स्तरीय अधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली थीं। जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम शुरू होने से कुछ समय पहले पुरातत्व विभाग की ओर से ऐतिहासिक स्थल परिसर में आयोजन की अनुमति नहीं मिलने की सूचना दी गई। बताया गया कि पुरातत्व विभाग के अधिकारी ने परिसर में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद अधिकारियों और आयोजकों को तत्काल कार्यक्रम के लिए दूसरे स्थान का चयन करना पड़ा। माला देवी मंदिर परिसर में तैयारियां पूरी होने के बावजूद दीप प्रज्वलन नहीं हो सका। ऐन वक्त पर स्थान बदले जाने को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे लोगों के बीच भी चर्चा बनी रही।

मरीजों का उपचार किया गया। अभियान का उद्देश्य समय पर बीमारी की पहचान, उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना है।

विद्यालय परिसर में रोपे 20 पौधे, संरक्षण का लिया संकल्प

सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर को पुरा द्वितीय, बीट लाखुरी के ग्राम बरखेड़ा गंभीर स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक हरियाली का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में फलदार एवं उपयोगी प्रजातियों के 25 पौधे रोपे गए। इनमें आंवला, नीम, अमरूद, आम और बेलपत्र के पौधे शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर एक पौधा आज, हरित भविष्य कल का संदेश दिया गया। इसके अलावा जिलेभर में दीप प्रज्वलन के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ पर दीप जलाने के लिए हर पंचायत को तीन हजार दीप खरीदकर जलाने का लक्ष्य दिया गया था।

फसल पर ट्रैक्टर चलाने का आरोप, वन विभाग ने 148 हेक्टेयर जमीन मुक्त कराई

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के हिम्मतपुर गांव में गुरुवार को वन विकास निगम की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का ग्रामीणों ने विरोध किया। कार्रवाई के दौरान खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। आदिवासी परिवारों का कहना है कि टीम ने मक्का, धान और उड़द की खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चला दिया। कुछ ग्रामीणों ने सोयाबीन की फसल खराब करने के लिए दवा डालने का आरोप भी लगाया है।

विरोध कर रही महिलाओं ने कहा कि उनके परिवार खेती पर निर्भर हैं। फसल नष्ट होने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 10 से 12 आदिवासी परिवार लंबे समय से यहां रहकर खेती कर रहे हैं। उनका कहना है कि खेतों में फसल खड़ी होने के बावजूद उसे नष्ट करने से परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है।

वन विकास निगम की टीम डिप्टी रेंजर महेंद्र गौर के नेतृत्व में हिम्मतपुर पहुंची थी। गौर के अनुसार गांव में करीब 45 हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण है। इसमें सभी वर्गों के लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। टीम अब तक करीब 7 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा चुकी है। उन्होंने बताया कि पिछले मानसून से वन भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान चल रहा है और संबंधित लोगों को पहले ही कार्रवाई की जानकारी दी गई थी।

गौर ने बताया कि वन विकास निगम की करीब 400 हेक्टेयर जमीन अतिक्रमण की चपेट में है। इसमें से अब तक 148 हेक्टेयर से अधिक जमीन मुक्त कराकर सुरक्षित की जा चुकी है। सरपंच प्रतिनिधि गोविंद सिंह गुर्जर ने कार्रवाई में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि गरीब परिवारों पर कार्रवाई हो रही है, जबकि प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण नहीं हटाए जा रहे हैं।

बाहर से पढ़ने आए विद्यार्थियों को सुबह-शाम शुद्ध भोजन, 100 से ज्यादा लोग रोज उठा रहे लाभ

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

पर्यूषण महापर्व के दौरान जैन समाज में बाहरी भोजन नहीं करने की मान्यता के चलते दूसरे शहरों से विदिशा आकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को भोजन की परेशानी होती थी। इसी देखते हुए जैन मिलन विदिशा पिछले छह वर्षों से पर्यूषण पर्व के दौरान निःशुल्क भोजनशाला संचालित कर रहा है। यहां एसएटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज, शासकीय मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ नौकरी के लिए बाहर से आए जैन समाज के लोगों को भी सुबह-शाम शुद्ध और सात्विक भोजन कराया जा रहा है। रोज 100 से अधिक लोग इसका लाभ ले रहे हैं।

भोजनशाला में भोजन की शुद्धता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। रोज दो सब्जियां, दाल-चावल और मिठाई दी जाती है। मसाले भी ताजे तैयार किए जाते हैं। जैन मिलन के सदस्य स्वयं भोजन परोसते हैं। विद्यार्थियों को कॉलेज से भोजनशाला तक लाने और वापस छोड़ने के लिए वाहन की व्यवस्था भी की गई है। भोजन से पहले विद्यार्थी मंदिर में दर्शन करते हैं।

जैन मिलन के संस्थापक अध्यक्ष अतुल जैन ने बताया कि करीब सात वर्ष पहले एसएटीआई के एक छात्र ने पर्यूषण के दौरान भोजन की समस्या बताई थी। इसके बाद संगठन ने निःशुल्क जैन रसोई शुरू करने का निर्णय लिया। पहले वर्ष छह छात्रों के लिए व्यवस्था की गई थी, जो अब बढ़कर 100 से अधिक लोगों तक पहुंच गई है।

एक छात्रा ने बताया कि भोजन की सुविधा मिलने से उसे पर्यूषण के दौरान घर लौटने की जरूरत नहीं पड़ी और पढ़ाई भी प्रभावित नहीं हो रही है।

बेतवा में महिलाओं ने मोहर किए विसर्जित, संतान सप्तमी पर रखा व्रत

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

भाद्रपद की षष्ठी और सप्तमी तिथि एक साथ पड़ने से गुरुवार को विदिशा में मोहर छठ और संतान सप्तमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। बेतवा नदी के बड़ वाले घाट पर दोपहर से ही महिला श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी।

महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना कर विवाह के समय दूल्हा-दुल्हन को पहनाए गए मोहरों का बेतवा नदी में विसर्जन किया। इस दौरान कई महिलाएं टोलियों में मंगल गीत गाते हुए घाट पहुंचीं।

मान्यता के अनुसार मोहर छठ पर विवाह के मोहरों को नदी में विसर्जित करने की परंपरा है। महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं, संतान सप्तमी पर माताओं ने संतान के अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना से व्रत रखा।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए घाट पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए। गोताखोरों के साथ मोटर बोट तैनात रही, जबकि होमगार्ड जवानों ने घाट और नदी में निगरानी रखी।

विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला, दीप प्रज्वलित कर दिया सेवा का संदेश

डीआर संवाददाता ■ शमशाबाद।

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाई और दीप प्रज्वलित कर सेवा एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार, उपप्राचार्य एमडी मिश्रा, अंग्रेजी शिक्षक मनोज कुमार वर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य और इसके तहत आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सहभागिता रही। मानव श्रृंखला और दीप प्रज्वलन के माध्यम से विद्यार्थियों ने एकता, सेवा और सकारात्मक सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम में अंग्रेजी के शिक्षक मनोज कुमार वर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

राधा-कृष्ण की झांकी रही आकर्षण का केंद्र, जगह-जगह हुआ स्वागत

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

विश्वकर्मा पूजन दिवस पर गुरुवार को विश्वकर्मा समाज की ओर से शहर में चल समारोह निकाला गया। संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुआ समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ऑडिटोरियम की ओर रवाना हुआ। इसमें समाज के बच्चे, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग उत्साह के साथ शामिल हुए।

चल समारोह में सुंदर ढंग से सजी राधा-कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कलाकारों की प्रस्तुति और सजी झांकी देखने के लिए रास्ते में लोगों की भीड़ रही। भगवान विश्वकर्मा की जयकारों के बीच समाज के लोग आगे बढ़ते रहे। कई सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने जगह-जगह फूल बरसाकर समारोह का स्वागत किया।

समाज के पदाधिकारी रामनारायण विश्वकर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती पर पिछले कई वर्षों से चल समारोह निकालने की परंपरा है। ऑडिटोरियम में समारोह का समापन होगा। यहां प्रसाद वितरण, अन्य कार्यक्रम और समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य समाज में एकजुटता बनाए रखना और नई पीढ़ी को परंपराओं व संस्कृति से जोड़ना है।

मुलाकात मांगें और घोषणाएं पूरी करवाने मुख्यमंत्री से मिले विधायक शर्मा, सड़कों के लिए रखी मांग

सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की और अपनी मांगे रखीं

डीआर संवाददाता ■ सिरोंज लटेरी

सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के विकास और सड़क कनेक्टिविटी से जुड़े मुद्दों को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की।

विधायक ने क्षेत्र की विभिन्न मांगों और विकास कार्यों से संबंधित पत्र मुख्यमंत्री को सौंपे। विधायक ने ब्यावरा-मधुसूदनगढ़-लटेरी सिरोंज राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच

एनएच-752बी को फोरलेन करने, भोपाल-गुना मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने का आग्रह, आनंदपुर को तहसील बनाने और कॉलेज की घोषणापूरी करने की भी मांग752बी को पचरिया-मेहलुआ तक विस्तारित कर फोरलेन उन्नयन कराने की मांग रखी। इसके अलावा मालथौन-बीना-कुरवाई-मेहलुआ चौराहा प्रस्तावित फोरलेन मार्ग का विस्तार सिरोंज तक करने का आग्रह किया।

गुना-आरोन-सिरोंज-महानीम चौराहा-बैरसिया-भोपाल मार्ग के पुनर्निर्माण के साथ इसे राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग भी रखी। विधायक ने कहा कि इन मार्गों के निर्माण और उन्नयन से

कॉलेज निर्माण की घोषणा को अमल में लाने ज्ञापन भी सौंपा।

सिरोंज-लटेरी क्षेत्र का भोपाल, बीना, गुना और ब्यावरा सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों से सड़क संपर्क बेहतर होगा। इसका लाभ किसानों, व्यापारियों और आम यात्रियों को मिलेगा। मुलाकात के दौरान आनंदपुर को तहसील का दर्जा देने और वहां शासकीय महाविद्यालय की घोषणा को अमल में लाने की मांग भी रखी गई। इस संबंध में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश यादव और वर्तमान मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा के साथ ज्ञापन सौंपा गया। विधायक ने सड़क परियोजनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सहित लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद लता वानखेड़े और संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी पत्र भेजे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत विषयों को सुनते हुए संबंधित विभागों से आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

नशे का महंगा शौक पूरा करने वाला जेल में

5 मासूमों के गले से हाय चुराई, सोचा था रिपोर्ट नहीं करेगा

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

शहर में मासूम बच्चों के गले से सोने की हाय (विशेष आभूषण ताबीज) चोरी करने वाले शातिर बदमाश को कोतवाली पुलिस ने जीआरपी की मदद से संयुक्त कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी नशे के महंगे शौक पूरे करने के लिए मासूम बच्चों को निशाना बनाता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सोने की हाय बरामद कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

शहर में अचानक बढ़ी वारदातों को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने जांच तेज की थी। पुलिस ने संदिग्ध आरोपी के सीसीटीवी फुटेज निकालकर फोटो और वीडियो आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों पर साझा किए। इसके बाद जीआरपी और कोतवाली पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया, जिसकी मदद से आरोपी को धर दबोचा गया।

महंगे शौक को पूरा करने उठाया था यह कदम

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी गमाखर निवासी पूरन सिंह (पिता केशव सिंह रघुवंशी) है। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह अपने नशे के महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी करता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी का मानना था कि हाय बहुत छोटी चीज होती है और लोग इसकी पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कराएंगे। इसी गलतफहमी और सोच के कारण उसने एक ही महीने में मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और बाल विहार के पीछे सब्जी मंडी सहित 4 से 5 जगहों पर बच्चों को निशाना बनाया। पीड़ित पिता विवेक शर्मा ने बताया कि 31 जुलाई को उनका ढाई साल का बेटा दादाजी के साथ बाल विहार के पीछे सब्जी मंडी गया था। जब दादाजी सब्जी खरीदने लगे और बच्चा गाड़ी पर बैठा था, तभी आरोपी